हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

03 सितंबर 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार:

1. केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा- नवाचार गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी कीमतों के बल पर भारत में विश्व का अग्रणी ऑटोमोबाइल उद्योग बनने की क्षमता ।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चमकौर साहिब के नजदीक गुरुद्वारा साहिब अमर शहीद बीबी शरण कौर जी में नतमस्तक हुए- देश और दुनिया में सुख शांति और आपसी भाईचारे के लिए अरदास की।

3. हथिनी कुंड बैराज में मॉकड्रिल के दौरान डूबे सेना के दूसरे जवान का शव हांसी ब्रांच नहर से मिला।

4. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के प्रबंधन और नियंत्रण पर चर्चा के लिए दिल्ली-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पर्यावरण मंत्रियों की बैठक, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने समन्वित और केंद्रित हित धारक सहभागिता की जरूरत पर बल दिया।

5. भारतीय डाक विभाग, दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत डाक टिकट संग्रह के रुचि रखने वाले मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करेगा।

====================

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि नवाचार, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी कीमतों के बल पर भारत में विश्व का अग्रणी ऑटोमोबाइल उद्योग बनने की क्षमता है। उन्होंने नई दिल्ली में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 66वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि देश की आर्थिक वृद्धि में इस उद्योग का योगदान लगातार बढ़ता रहेगा।

उन्होंने कहा कि देश के कुल जीएसटी संग्रह में ऑटोमोबाइल उद्योग का योगदान लगभग 15 प्रतिशत है। यह उद्योग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब चार करोड़ लोगों को रोजगार देता है।

श्री गडकरी ने भारत के नए कार मूल्यांकन कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने परीक्षण लागत को काफी कम कर दिया है। साथ ही वैश्विक बाजारों में भारतीय वाहनों की विश्वसनीयता को मजबूत किया है। उन्होंने घोषणा की कि इस कार्यक्रम का दूसरा चरण अगले वर्ष अक्तूबर से प्रभावी होगा। जिसमें दुर्घटना से बचाव, पैदल यात्री सुरक्षा और दुर्घटना के बाद निकासी सहित उन्नत सुरक्षा मानक शामिल होंगे।

----------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के रुपनगर जिले में चमकौर साहिब के नजदीक रायपुर स्थित 'गुरुद्वारा साहिब अमर शहीद बीबी शरण कौर जी' में नतमस्तक होकर माथा टेका। इस अवसर पर उन्होंने देश और दुनिया में सुख-शांति, समृद्धि तथा आपसी भाईचारे की अरदास की।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े साहिबजादों और शहीद सिंहों के अंतिम संस्कार की सेवा का साहसपूर्ण दायित्व निभाने वाली अमर शहीद बीबी शरण कौर जी का बलिदान संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बीबी शरण कौर जी की स्मृति में एक ऐतिहासिक द्वार के निर्माण हेतु 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने लोगों से गुरुओं के बताए सेवा, त्याग व सत्य के मार्ग पर चलने और बलिदानियों से साहस की प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री लखनौर स्थित 'डेरा बाबा उमेद गिरी जी' भी पहुंचे, जहाँ उन्होंने प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

---------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने हिमाचल प्रदेश दौरे के दौरान ऊना स्थित बाबा बाल जी आश्रम पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कोटला कलां स्थित प्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पवित्र स्थल राधा कृष्ण की भक्ति, सेवा भाव और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र है।

----------------------------------------------------

हथिनीकुंड बैराज में मंगलवार शाम मॉकड्रिल के दौरान डूबे सेना के दो लापता जवानों में से दूसरे जवान का शव भी मिल गया है। उसका शव करीब 200 किलोमीटर दूर जींद के अमरेहड़ी गांव के पास हांसी ब्रांच नहर में मिला । मृतक जवान की पहचान महाराष्ट्र निवासी पैराशूट रेजिमेंट की प्रथम बटालियन के विशेष बल के लांस नायक आर्यन एन.पी. पाटिल के रूप में हुई है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को हथिनीकुंड बैराज में चिनूक हेलिकॉप्टर से यमुना नदी में खड़ी नाव पर कूदने के अभ्यास के दौरान तेज बहाव के कारण नाव पलट गई थी। हादसे में तीन जवान तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे, जबकि दो जवान लापता हो गए थे। एक जवान का शव पहले ही बरामद कर लिया गया था ।

------------------------------------------------------

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्रित हितधारक सहभागिता के माध्यम से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के प्रबंधन और नियंत्रण पर चर्चा के लिए हुई बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पर्यावरण मंत्रियों और सचिवों तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों और सदस्य सचिवों ने भाग लिया। बैठक के दौरान श्री यादव ने वायु प्रदूषण से निपटने के प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए समन्वित और केंद्रित हितधारक सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने तथा उन्हें अन्य क्षेत्रों में भी लागू करने का आग्रह किया।

----------------------------------------------------

हिसार जिला के गांव पायल में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में आज वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने पौधरोपण किया। श्री राव नरबीर सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केवल मजबूत अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर स्वास्थ्य भी जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने गांव के विकास कार्यों के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की।

------------------------------------------

भारतीय डाक विभाग डाक टिकट संग्रह में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए 'दीनदयाल स्पर्श योजना' चला रहा है। इसके तहत कक्षा 6 से 9 तक के मेधावी छात्रों को 6,000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी।

अंम्बाला के मुख्य डाकघर  के प्रवर डाकपाल प्रभात गोयल ने बताया कि हरियाणा डाक परिमंडल से कुल 40 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

-------------------------------------------

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने आज रोहतक के नागरिक अस्पताल का दौरा कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, लेबर रूम, दवा काउंटर और शौचालयों की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों द्वारा मरीजों को बाहर की दवाइयां लिखे जाने की शिकायतें मिलने पर उन्होंने खामियों में सुधार के निर्देश दिए और इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की बात कही। इससे पूर्व उन्होंने जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर क्षेत्र में महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की।

---------------------------------------------------

भिवानी स्थित हनुमान गेट के जोहड़ी धाम मंदिर में इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व धूमधाम और भव्य रूप से मनाया जाएगा। मंदिर के महंत बाबा चरण दास ने आज तैयारियों का जायजा लेते हुए बताया कि 4 सितंबर से 22 सितंबर तक चलने वाले इस उत्सव में 20 स्कूलों के लगभग 500 बच्चे और हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाल लीलाएं, रासलीला, गीता पाठ, महाआरती और  प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

========================================